रेत का अवैध उत्खनन / परिवहन करते 06 वाहन जप्त संयुक्त दल की कार्यवाही

पीपुल्स प्रवक्ता, नर्मदापुरम। जिले में कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण के विरुद्ध खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग के संयुक्त दल द्वारा जांच एवं कार्यवाही जारी है। तहसीलवार गठित दल एवं संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म भोपाल से गठित दल द्वारा जिले में नियमित जांच एवं कार्यवाही की जा रही है। इसी अनुक्रम में 26 मार्च 2026 को जांच दल द्वारा तहसील-इटारसी में 06 ट्रक/एल.पी. क्रमशः क्रमांक M P11ZK7772, M H27BX1221, RJ09G E7581, M P09H G7264, M P09D K2883, M P09A K5481 को रेत खनिज का ओवरलोड परिवहन करने पर जप्त कर थाना प्रभारी, थाना रामपुर गुर्रा, तहसली-इटारसी की अभिरक्षा में सुरक्षार्थ रखे गए हैं। उक्त जप्त वाहनों के विरुद्ध खनिज नियमों एवं प्रावधानों के अन्तर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर जुर्माना राशि अधिरोपित किए जाने की कार्यवाही की जाएगी। संयुक्त टीम द्वारा जिले में नियमित जाँच एवं कार्यवाही सतत् जारी है।

बाबा खाटू श्याम के नाम विशाल भजन संध्या का आयोजन

खिलचीपुर श्याम मस्त परिवार द्वारा विशाल भजन संध्या का आयोजन

पीपुल्स प्रवक्ता, खिलचीपुर। श्री श्याम मस्त परिवार के द्वारा एक शाम बाबा खाटू श्याम के नाम विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया भजन संध्या में बाबा को अपने भजनों से रिझाने आए भजन गायिका सोनल दीदी शर्मा राणापुर झाबुआ मध्य प्रदेश सतीश अग्रवाल चाटुखेडा राजगढ़ जगदीश पारेता इकलेरा झालावाड़ से आएं सभी गायकों ने बाबा खाटू श्याम को अपने अपने मीठे मीठे मधुर भजनों से रिझाया। इस दौरान भजन संध्या में शामिल हुए, कांग्रेस के पूर्व ऊर्जा मंत्री जिला अध्यक्ष

प्रियव्रत सिंह, पूर्व विधायक डां रामप्रसाद दांगी, एसडीओपी धर्मवीर नागर , थाना प्रभारी उमाशंकर मुकाती, सारंगपुर न्याय विभाग नजीर आत्माराम शर्मा, एडवोकेट कुशल शर्मा खाटू श्याम खुजनेर मंदिर के अध्यक्ष नीरज सोनी, निलेश विजयवर्गीय इकलेरा राजस्थान ओम अग्रवाल कामखेड़ा सरकार रोहित नागर, पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष मनोज मालाकार, न पा पार्षद प्रतिनिधि राकेश जयसवाल, न पा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि विजय बंटी शर्मा, नपा पार्षद संदीप शर्मा काका, उज्जैन से नैतिक तिवारी आदि लोग मौजूद रहे जहां खिलचीपुर श्री श्याम मस्त परिवार द्वारा सभी भक्तों पर इत्र वर्षा किया की और सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

कलेक्टर ने की महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक

पीपुल्स प्रवक्ता, नरसिंहपुर।

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक ली। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री राधेश्याम वर्मा, सहायक संचालक सुश्री प्रांजली मर्सकोले सहित समस्त परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक, जिला समन्वयक पोषण अभियान सहित अन्य अधिकारी- कर्मचारी मौजूद थे। बैठक में पोषण ट्रेकर के अनुसार फरवरी माह के नवीन चिन्हित सेम मेम एसयूडब्ल्यू का मुख्यमंत्री बाल आरोग्य संवर्धन कार्यक्रम के तहत विभागीय राज्य स्तरीय पोर्टल पर चिन्हांकन 30 प्रतिशत से कम प्रगति की समीक्षा की गई। सेक्टरवार समीक्षा उपरांत सेक्टर पर्यवेक्षक श्रीनगर सुमनतला दोहिया 23.81 प्रतिशत व सेक्टर पर्यवेक्षक-2 नमिता कौरव 20.83 प्रतिशत पाए जाने पर, एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। सभी सीडीपीओ टीएचआर पैकेट का स्टाक पर प्रत्येक माह की एक से 10 तारीख तक उपलब्धता सुनिश्चित करें, ताकि आंगनबाड़ी केन्द्रों पर नियत समय में टीएचआर पैकेट हितग्राहियों के वितरण के लिए उपलब्ध कराया जा सके। स्टाक की उपलब्धता की प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में लिखित रूप से जिला कार्यालय को अवगत कराने के निर्देश दिए। पोषण ट्रेकर में गर्म पका भोजन माह मार्च 2026 एंट्री की समीक्षा के दौरान सख्त निर्देश दिए कि प्रत्येक बच्चों की उपस्थिति के अनुसार ही सही जानकारी दर्ज की जाए। आगामी बैठक में गलत एंट्री दर्ज करने वाले केन्द्रों, सेक्टर परियोजना के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्रीमती सिंह ने एफआरएस की प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए छूटे हितग्राहियों की शतप्रतिशत ई-केवायसी एवं फेस कैप्चर पूर्ण करने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी केन्द्रों में दर्ज प्रत्येक हितग्राहियों के शतप्रतिशत आभा आईडी बनाने के निर्देश दिए। साथ ही प्री स्कूलों में दर्ज हितग्राही एवं गर्म पके भोजन में दर्ज हितग्राहियों में एक रूपता लाने के निर्देश भी दिए। आगामी बैठक के पूर्व लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत समग्र सत्यापन ई-केवायसी, डीबीटी का कार्य पूर्ण कर लिया जाए। मातृ वंदना योजनांतर्गत करेली, गोटेगांव एवं नरसिंहपुर परियोजना की प्रगति शतप्रतिशत से कम पाए जाने पर 3 दिवस में शतप्रतिशत उपलब्धि हासिल करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक के दौरान स्पासंरशिप योजनांतर्गत कुल 216 प्रकरणों में फॉलोअप किया गया है। कलेक्टर ने एक सप्ताह में शेष फॉलोअप को पूर्ण करने के निर्देश दिए। एनआरसी में माह मार्च 2026 में 99 बच्चे भर्ती किए गए है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले की समस्त एनआरसी में बैड पूरी तरह भरे हुए होना चाहिए। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान पाया गया कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजनांतर्गत 513 शिकायतें दर्ज हैं, इनमें सर्वाधिक चांवरपाठा में 125 व नरसिंहपुर में 122 शिकायतें दर्ज हैं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि हितग्राहियों को मातृ वंदना योजना की राशि का भुगतान होने पर शिकायतों को बंद करना सुनिश्चित करें। इसी तरह लाड़ली बहना योजनांतर्गत सर्वाधिक 171 नरसिंहपुर व 148 चांवरपाठा में दर्ज है। इस पर कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी परियोजना अधिकारी भुगतान वाली शिकायतों को संतुष्टि के साथ बंद कराया जाए। सभी सुपरवाईजरों का विभागीय योजनाओं एवं पोषण ट्रेकर का प्रशिक्षण आयोजित करवाने के निर्देश भी दिए।

रामनवमी पर रघुवंशी समाज की भव्य शोभायात्रा, जगह-जगह हुआ स्वागत



पीपुल्स प्रवक्ता, सिवनी मालवा। रामनवमी के पावन अवसर पर रघुवंशी समाज द्वारा बानापूरा क्षेत्र में भव्य शोभायात्रा एवं चल समारोह का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा बानापूरा के खेड़ापति मंदिर से प्रारंभ होकर सिवनी मालवा के हनुमान मंदिर तक निकाली गई, जिसमें श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। शोभायात्रा में बच्चों को भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता एवं हनुमान जी के स्वरूप में आकर्षक ढंग से सजाया गया, जो आकर्षण का केंद्र बने रहे। पूरे मार्ग में भक्ति गीतों और जय श्रीराम के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। कल्लू रघुवंशी ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें समाज के सभी लोगों का सहयोग मिला मार्ग में जगह-जगह समाजजनों एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं के लिए जलपान एवं पेयजल की विशेष व्यवस्था भी की गई, जिससे आयोजन और अधिक व्यवस्थित एवं सफल रहा। इस आयोजन में क्षेत्रीय विधायक प्रेम शंकर वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। उनके साथ बड़ी संख्या में सामाजिक महिलाएं, पुरुष एवं बच्चे उत्साहपूर्वक शोभायात्रा में शामिल हुए। पूरे आयोजन ने सामाजिक एकता, आस्था और सांस्कृतिक परंपरा की सुंदर झलक प्रस्तुत की। आयोजन के सफल संचालन के लिए रघुवंशी समाज के सदस्यों की सराहना की जा रही है।

लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की सुरक्षा पर संसद में उठी बुलंद मांग

'पत्रकारों की सुरक्षा और जवाबदेही पर संसद में गूंजा सशक्त स्वर'

पत्रकार सुरक्षित तो लोकतंत्र मजबूत: संसद में उठा बड़ा सवाल

पीपुल्स प्रवक्ता, नर्मदापुरम।

नई दिल्ली में संसद के लोकसभा सदन में शुक्रवार को होशंगाबाद-नरसिंहपुर क्षेत्र के तेज-तर्रार सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी ने आज संसद के शून्य काल के दौरान भारतीय लोकतंत्र के चौथे स्तंभ–पत्रकारिता–से जुड़े अत्यंत महत्वपूर्ण मुद्दे को मुखरता के साथ उठाया। उन्होंने पत्रकारों की सुरक्षा, सामाजिक-आर्थिक सुदृढ़ीकरण तथा पत्रकारिता के नाम पर हो रहे दुरुपयोग–दोनों पहलुओं पर संतुलित और ठोस नीति की आवश्यकता पर जोर दिया।सच की सुरक्षा बनाम दुरुपयोग पर नकेल–सांसद दर्शन चौधरी ने रखी स्पष्ट पत्रकार सुरक्षा एवं कल्याण नीति की मांग, पत्रकारों को मिले आवास, रेल, टोल में रियायत सांसद चौधरी ने अपने वक्तव्य में कहा कि पत्रकारिता केवल सूचना का माध्यम नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा है, जो शासन

और जनता के बीच एक सशक्त सेतु का कार्य करती है। यह वही शक्ति है जो सत्ता को जवाबदेह बनाती है और समाज को जागरूक करती है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जहाँ विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका को संस्थागत सुरक्षा और सुविधाएँ प्राप्त हैं, वहीं पत्रकारों को अपेक्षित संरक्षण नहीं मिल पा रहा है। आज पत्रकार–विशेषकर फील्ड में कार्यरत–अनेक जोखिमों और असुरक्षाओं का सामना कर रहे हैं। इसी संदर्भ में उन्होंने सरकार से प्रश्न किया कि क्या पत्रकारों की सुरक्षा एवं कल्याण के लिए एक व्यापक ÷पत्रकार सुरक्षा एवं कल्याण नीति बनाने पर विचार किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने सुझाव दिया कि प्रस्तावित नीति में निम्नलिखित प्रावधान शामिल किए जाएँ–

- कार्यस्थल, घर एवं फील्ड रिपोर्टिंग के दौरान समुचित सुरक्षा व्यवस्था
- रेल यात्रा में 50त्न रियायत की पुनर्बहाली
- पत्रकारों एवं उनके परिवार के लिए जीवन एवं स्वास्थ्य बीमा
- बच्चों के लिए शिक्षा सहायता
- आवास/प्लॉट आवंटन या सरकारी आवास सुविधा
- राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर टोल शुल्क में रियायत

सांसद चौधरी ने अपने वक्तव्य में प्रभावी शब्दों में कहा– जब कलम सुरक्षित होगी, तब ही सच निर्भीक होकर सामने आएगा; और जब सच सामने आएगा, तभी लोकतंत्र और मजबूत होगा।÷ इसके साथ ही उन्होंने पत्रकारिता की आड़ में हो रही ब्लैकमेलिंग और अनैतिक गतिविधियों पर भी चिंता जताई। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि राज्यों के साथ समन्वय स्थापित कर एक पारदर्शी, जवाबदेह और सख्त तंत्र विकसित किया जाए, जिससे पत्रकारिता की गरिमा बनी रहे।

सामूहिक जवारे समिति एवं जय अम्बे ट्रस्ट द्वारा आयोजित देवी जागरण

पीपुल्स प्रवक्ता, नरसिंहपुर। मां की आराधना कार्यक्रम आनंदम म्यूजिकल ग्रुप नरसिंहपुर द्वारा मां की भक्ति गीतों की प्रस्तुति सदर मढिया प्रांगड़ में दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत में जवारे समिति के अध्यक्ष श्री महंत प्रीतम पुरी जी के द्वारा ग्रुप के सभी साथियों का माता की चुनरी डाल कर अभिनंदन किया इस अवसर पर पार्षद श्री मति अनुराधा नामदेव ने मातृशक्ति को तिलक, चुनरी डाल का वंदन किया। कार्यक्रम का श्री गणेश भगवान प्रथम पूज्य विनायक वंदना भागीरथ विश्वकर्मा के द्वारा एवं कार्यक्रम का सफल संचालन बहिन भारती कौरव के द्वारा किया गया।कार्यकम में माधव शिंद्रे, विजय पटेल, अनिल नेमा, बृजेश विश्वकर्मा,विश्वनाथ ठाकुर,अरविंद पाठक,गजेंद्र कोष्ठा,विकास हार्दिक नेमा,राजमणि विश्वकर्मा,आशीष पाठकसुश्री सुनीता झरिया, सुश्री मनीषा ठाकुर, नीलू बरडिया, सीमा दीक्षित सुश्री श्रुति नेमा,आदि कलाकारों के द्वारा सुमधुर देवगीत प्रस्तुत किए गए। आनंदम म्यूजिकल ग्रुप नरसिंहपुर को संगीत के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सामूहिक जवारे समिति द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। आभार आनंदम म्यूजिकल ग्रुप नरसिंहपुर के मुकेश शर्मा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सामूहिक जवारे उत्सव समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

झाड़वीड़ा में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मानव श्रृंखला बनाकर दिलाई गई जल संरक्षण की शपथ

पीपुल्स प्रवक्ता सिवनी मालवा। जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 को जनसहभागिता से सफल बनाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत झाड़वीड़ा में प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया गया। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड सिवनी मालवा द्वारा चयनित नवांकुर संस्था जीवनदायनी समाज सेवा समिति गाजनपुर के तत्वावधान में यह आयोजन सेक्टर क्रमांक 04 मालापाट में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष सुनील सिंगोरिया के नेतृत्व में ग्रामीणों ने एकत्रित होकर जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु मानव श्रृंखला बनाई। इस दौरान सेक्टर परामर्शदाता सेवनदास लौवंशी ने सभी को जल संरक्षण की शपथ दिलाई और जल बचाने के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में जीवनदायनी समाज सेवा समिति की संयुक्त सचिव काजल रघुवंशी, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति झाड़वीड़ा के अध्यक्ष कालूराम प्रजापति, शासकीय प्राथमिक शाला के शिक्षक-शिक्षिकाएं, निधि इवने, दिव्या देवड़ा, बीएमडब्ल्यू छात्रा कीर्ति राजपूत सहित अनेक ग्रामीण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे इस अवसर पर सभी ने जल संरक्षण को अपनी जिम्मेदारी मानते हुए इसे जन आंदोलन बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम ने ग्रामीणों में पर्यावरण संरक्षण और जल बचाने के प्रति जागरूकता का संदेश प्रसारित किया।

28 मार्च को किया जाएगा विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन

पीपुल्स प्रवक्ता, नर्मदापुरम। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार 28 मार्च (शनिवार) को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नर्मदापुरम द्वारा वृहद विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन सुबह 10¬30 बजे किया जाएगा। जिसका उद्देश्य आम जनता विशेषकर कमजोर वर्गो को उनके कानूनी अधिकारों, मुक्त कानूनी सेवाओं की उपलब्धता एवं विभिन्न नालसा की योजनाओं के बारे में जागरूक किया जाकर शासन की विभिन्न योजनाओ का लाभ प्रदान करना है। उक्त शिविर में श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, इत्यादि द्वारा स्टॉल लगाकर विभागों से संबंधित योजनाओं की जानकारी व श्रम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन, पात्र व्यक्तियों के लिए आयुष्मान कार्ड, निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण इत्यादि सुविधाओं से लाभान्वित किया जाएगा।

संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत खण्ड स्तरीय शिविर संपन्न

संलल्प से समाधान अभियान अंतर्गत खण्ड स्तरीय शिविर में विधायक शर्मा ने हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र दिये

पीपुल्स प्रवक्ता, नर्मदापुरम

एनएमवी कॉलेज नर्मदापुरम में नगर पालिका परिषद एवं जनपद पंचायत नर्मदापुरम के संयुक्त तत्वाधान में संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत खण्ड स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय विधायन डॉ. सीताशरण शर्मा ने सिरकत की एवं हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किये। शासन द्वारा 12 जनवरी से 31 मार्च तक संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें 22 विभागों की 106 योजनाओं के हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त कर इनका समय सीमा में निराकरण किया जा रहा है। अभियान अंतर्गत खण्ड स्तरीय शिविरों का आयोजन भी किया जा रहा है। इसी तारतम्य में इस शिविर का आयोजन किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार इस शिविर में प्राप्त 52 आवेदन सहित कुल अभियान अतर्गत 7665 आवेदन प्राप्त हुये हैं, जिसमें सभी आवेदनों का निराकरण कर

दिया गया है। आज के कार्यक्रम में इंदिरा गांधी वृद्धावस्था पेंशन, सामाजिक सुरक्षा कल्याण पेंशन, असंगठित क्षेत्र के अंतर्गत अनुग्रह सहायता एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहीयों को स्वीकृति पत्र वितरित किये गये। कार्यक्रम में विधायक डॉ. सीताशरण शर्मा, जनपद पंचायत नर्मदापुरम के अध्यक्ष भूपेन्?द्र चौकसे, नगर पालिका नर्मदापुरम की अध्यक्ष नीतू महेन्द्र यादव, इटारसी के नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, मध्य प्रदेश तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा, एसडीएम जय सोलंकी, जनपद पंचायत नर्मदापुरम की सीईओ श्रुति चौधरी शामिल रहीं। नगर पालिका परषिद की सीएमओ हेमेश्वरी पटले, जनपद पंचायत नर्मदापुरम एवं नगर पालिका परिषद के अधिकारी कर्मचारी सहित सैंकड़ों की संख्याए में हितग्राही उपस्थित रहे।